# Topic – नवाचार (INNOVATION)

भूमिका (Introduction) ⇒ परिवर्तन सृष्टि का शाश्वत नियम है। परिवर्तन से ही संसार में नवीनता आती है। संसार में प्रतिक्षण परिवर्तन हो रहा है। Exm– पेड़ों पर कोमल कोपलें (bud) (कली) निकलती है जो हरे पत्तो का रूप धारण कर लेती है। हरे पत्ते पीले पत्तो में परिवर्तन हो जाते है, फिर पीले पत्ते भी सूखकर झड़ जाते है तथा इनके स्थान पर फिर नये पत्ते आ जाते है। पेड़ों पर टहनियां पर पहले नन्ही कलिकाएं आती है तथा कुछ समय बाद वह एक सुन्दर पुष्प का रूप धारण कर लेती है तथा फिर उसमें से सुगन्धित खुशबू आती है। तथा फिर पुष्प धूप में सूखकर हवा के झोंकों से धरती पर बिखर जाता है। इस प्रकार प्रकृति की यह नवीनता की प्रक्रिया चलती रहती है इसे ही नवीनता कहते है। नवीनता का प्रमुख आधार "परिवर्तन" है। :– परिवर्तन ⟶ नवीनता

परिवर्तन विभिन्न क्षेत्रों में पाये जाते है। जैसे – प्रकृति परिवर्तन, सामाजिक परिवर्तन, सांस्कृतिक परिवर्तन, राजनैतिक परिवर्तन, शैक्षिक परिवर्तन, (नवाचार) आदि, इत्यादि

## — ! परिवर्तनों की प्रक्रिया !–

## –!(Process of Changes)!–

उपरोक्त भूमिका से यह स्पष्ट है कि "परिवर्तन के द्वारा ही नवाचार लाया जाता है" एक वैज्ञानिक "गुवाने" परिवर्तनों को 3 भागो में बांटा है।

① — नवगत्यात्मक परिवर्तन :— (Neomobilistic Changes)

② — विकास सम्बन्धी परिवर्तन (Changes Pertainting to Evolution)

③ — सन्तुलन सम्बन्धी परिवर्तन (Changes of Homeostatic Nature)

Scanned with CamScanner

(Changes of Homeostatic Nature)

① – नवगत्यात्मक परिवर्तन

अर्थ। "यह परिवर्तन "चेतन स्तर" पर होता है। अर्थात I D (इच्छा) इन्हें जाना जा सकता है। इस परिवर्तन के दो तत्व (Conscious level) है — ① योजना (Planing) ② सचेतन तत्व (Conscious element)

ये परिवर्तन सदैव नवीनता लाते हैं। इसमे व्यक्ति व्यक्तिगत या सामाजिक

Exm – दोनो प्रकार का विकास करना चाहता है। इसलिये वह नवीन विचारो को अपनाता है। जैसे —

Exm – गया जिले के एक विद्यालय में अन्तिम (End, last period) मे खेल हुआ करते थे। प्रधानाध्यापक के पास एक शिकायत पहुँची कि अधिकांश छात्र खेल के मैदान की ओर जाने के बहाने घर भाग जाते हैं। प्रधानाध्यापक ने स्थिति को सुधारने के लिये पाठशाला की समय-सारणी में परिवर्तन कर दिया। भिन्न-२ कक्षाओ का खेल का घण्टा बीच में कर दिया। अब छात्र खेलो मे भाग लेने लगे तथा भागने की स्थिति में परिवर्तन हुआ इसे ही "नवगत्यात्मक परिवर्तन" कहते हैं

② विकास सम्बन्धी परिवर्तन

अर्थ। यह परिवर्तन "अचेतन स्तर" पर होते है अतः इनकी पहचान करना, समझना, मूल्यांकन करना कठिन है। क्योंकि इनको जान सके या जा सके ये संसार मे सदैव होते रहते है — जैसे ① समुद्र मे उतार-चढ़ाव ② नदियों के प्रवाह में ... ③ पर्वतों में परिवर्तन ④ परिवार मे भाई-बहन में रंग, रूप, शरीर मे परिवर्तन ⑤ समाज मे परिवर्तन ⑥ प्राकृतिक क्षेत्र मे ⑦ सांस्कृतिक क्षेत्र मे

मूल्यांकन (समझना) इन सब का पता इतिहासकार ही लगा पाते है।

1. सृजनात्मक
2. निर्णय ग्रहण

## (3) सन्तुलन सम्बन्धी परिवर्तन

अर्थ! इस यह परिवर्तन का सम्बन्ध चेतन व अचेतन के दोनों स्तर से है। ये ज्ञात व अज्ञात हो सकते हैं इस परिवर्तन की कुछ शर्तें हैं ये तभी घटित होंगे जैसे — (1) जब इनकी आवश्यकता हो (2) इनको प्रेरित करने वाला हो। (3) इनको गति देने वाला हो।
इस परिवर्तन को "प्रतिक्रियात्मक परिवर्तन" कहते हैं। यह परिवर्तन स्वचालित (Self) होता है। इसका आधार "मूलप्रवृत्तियाँ" है। जब व्यक्ति को आवश्यकता होती है तब वह तनाव की अनुभूति (महसूस) करता है जिससे उसके सन्तुलन में असन्तुलन आ जाता है। आवश्यकता पूरी होते ही वह पुनः सन्तुलित अवस्था में आ जाता है। उदाहरण प्यास लगने पर पानी पीना तथा असन्तुलन से सन्तुलन अवस्था में आ जाना

## नवाचार क्या है?

नवाचार का अर्थ! — (Meaning of Innovation)

नवाचार शब्द Innovation शब्द का हिन्दी रूपान्तरण है। नवाचार शब्द दो शब्दों के योग से बना है —

नव + आचार

नव का अर्थ — नया, नवीन (नूतन)
आचार का अर्थ — आचरण, परिवर्तन (विचार / व्यवहार में) आदेश, व्यवहार
उपरोक्त दोनो शब्दो के अर्थो के जानने के बाद नवाचार का अर्थ है "नवाचार वह परिवर्तन है, जो पूर्व-स्थित विधियों, और पदार्थो आदि में नवीनता का संचार कर वही नवाचार है।"
आंग्ला (अंग्रेजी) भाषा का शब्द है। इनोवेशन (Innovation) शब्द लैटिन भाषा के इनोवेट (Innovate) शब्द से बना है। इसका अर्थ है—
Innovate — (1) to introduce novelties (नवीनता लाना)
(2) to make change (परिवर्तन लाना)
Innovation का अर्थ हुआ — "वह परिवर्तन जो नवीनता लाये"
नवाचार की परिभाषाएं (Definations)
UNESCO "यूनेस्को (United Nation Educational Sientific Cultural organization)
(1971) — नवाचार एक नूतन विचार की शुरुआत है। यह एक तकनीकी प्रक्रिया है जिसका विस्तृत उपयोग प्रचलित व्यवहारों तथा तकनीकी के स्थान पर किया जाता है। यह मात्र परिवर्तन के लिए परिवर्तन नहीं है बल्कि इसका क्रियान्वयन और नियमन परीक्षण और प्रयोगो के आधार पर किया जाता है।
1964 — (कोठारी आयोग निवात — सामाजिक और आर्थिक परिप्रेक्ष्य में "
रोजर्स — वह विचार जो नवीन हो वही नवाचार है — व्यावहारिक

... की परिभाषाएं

1– रोजर्स E.M के अनुसार – "नवाचार वह विचार है जिसकी प्रतीति व्यक्ति नवीन विचार के रूप मे करे"।

२– बार्नेट H.G के अनुसार – "नवाचार एक ऐसा विचार है, व्यवहार है अथवा पदार्थ है जो नवीन और वर्तमान स्वरूप में गुणात्मक दृष्टि से भिन्न है।"

## नवाचार की विशेषताएं

## (Characteristics of Innovation)

उपर्युक्त परिभाषाओं के आधार पर नवाचार की विशेषताएं निम्नलिखित है –

1– नवाचार एक ऐसा विचार है जिसे नया समझा जाता है।

२ – नवाचार में कोई न कोई विशेषता अवश्य पायी जाती है।

३ – नवाचार प्रयासपूर्ण किया जाने वाला कार्य है।

४ – नवाचार को समझ-बूझकर काम में लाया जाता है। इसकी उपयोगिता को ध्यान मे रखकर ही ऐसा किया जाता है।

5 – नवाचार के द्वारा वर्तमान परिस्थितियों में सुधार लाने का प्रयास किया जाता है।

6 – प्रचलित विधियों की अपेक्षा गुणों को ध्यान मे रखते हुए नवाचार अधिक श्रेष्ठ अथवा उन्नत माना जाता है।

Scanned with CamScanner


# नवाचार की विशेषताऐं

## (Characteristics of Innovation)

उपर्युक्त परिभाषाओं के आधार पर नवाचार की विशेषताऐं निम्नलिखित है —

1— नवाचार एक ऐसा विचार है जिसे नया समझा जाता है।
2 - नवाचार में कोई न कोई विशेषता अवश्य पायी जाती है।
3 - नवाचार प्रयासपूर्ण किया जाने वाला कार्य है।
4— नवाचार को समझ-बूझकर काम में लाया जाता है। इसकी उपयोगिता को ध्यान में रखकर ही ऐसा किया जाता है।
5 - नवाचार के द्वारा वर्तमान परिस्थितियों में सुधार लाने का प्रयास किया जाता है।
6 — प्रचलित विधियों की अपेक्षा गुणों को ध्यान में रखते हुए नवाचार अधिक श्रेष्ठ अथवा उन्नत माना जाता है।

<u>निष्कर्ष</u>— "नवाचार वह विचार है, जिसके मानने या स्वीकार करने वाला, उसे नवीन विचार के रूप में देखता और अनुभव करता है।"




परिवर्तन व नवाचार में सम्बन्ध —


LINEOMATIC PAPER
Page No.
Date: / /

# Unit-1

## परिवर्तन और नवाचार मे परस्पर सम्बन्धित है।

(Change and Innovation are Related To Each other)"

परिवर्तन और नवाचार एक ही सिक्के के दो पहलू है। परिवर्तन व नवाचार दोनो ही शिक्षा पर प्रभाव डालते है और शिक्षा द्वारा प्रभावित होते है। इसे रेखाचित्र द्वारा इस तरह से स्पष्ट किया जा सकता है—




इस सम्बन्ध मे तीन बाते आवश्यक है—

1- उपर्युक्त सन्दर्भ मे नवाचार का चयन
2- सुधार की दृष्टि से शैक्षिक परिवर्तन की चाह
3- नवाचार को प्रयोग मे लाने के लिये साधनो का आयोजन करना।

निष्कर्ष: (1) नवाचार और शिक्षा मे सुधार लाया जा सकता है।

(2) इनसे शिक्षा मे सुधार लाया जा सकता है और इनमे घनिष्ठ सम्बन्ध है— २८

Scanned with CamScanner

# नवाचार के प्रकार
# KINDS OF INNOVATIONS

## नवाचार का वर्गीकरण

नवाचार

(क) समस्या समाधान सम्बन्धी नवाचार (B) सामाजिक अन्तःक्रिया सम्बन्धी नवाचार

### (क) समस्या समाधान सम्बन्धी नवाचार :-

जब किसी दृष्टि से 'अपेक्षित परिवर्तन'' के लिए अथवा का चयन किया जाता है, तो ऐसे नवाचार को समस्या समाधान सम्बन्धी नवाचार कहा जाता है।

### (ख) सामाजिक अन्तःक्रिया सम्बन्धी नवाचार

"Innovation in Relation to Social Interaction"

जब अपने ही विद्यालय के किसी शिक्षक अथवा किसी अन्य विद्यालय के शिक्षक से नवाचार सम्बन्धी कोई ज्ञान प्राप्त होता है, तो इस प्रकार के नवाचार को 'सामाजिक अन्तःक्रिया सम्बन्धी नवाचार कहा जा सकता। क्योंकि ऐसी स्थिति में कोई भी नवाचार विभिन्न

Scanned with CamScanner

# नवाचार - अपनाने की प्रक्रिया

## Innovation - Process of Adoptation

नवाचार अपनाने की प्रक्रिया में अधोलिखित सोपानों को पार करना होता है—

1- जानकारी । जानकारी के स्त्रोत - जानकारी के स्त्रोत -
1- शोधपत्रिकाएं, प्रसार सेवा विभाग आदि

2- जिज्ञासा । - जानने की इच्छा "

3- परीक्षण । - नवाचार की व्यवहारिकता की जाँच "

4- मूल्यांकन ! - क्या, खोया क्या पाया, लाभ व हानि ।

5- अभिस्वीकरण । (Adoption) —

1- इसमे व्यक्तिगत भेद होते है —

2- कुछ व्यक्ति नवाचार को जल्दी स्वीकार कर लेते है —

3- इसमे रूढ़ीवादिता पायी जाती है

4- यह मनोवैज्ञानिक है

आदि।

नवाचार का चयन

66 21

## Selection of INNOVATION

नवाचार का चयन संस्था का प्रधानाचार्य करता है और इसे प्राप्त करने वाले अध्यापक तथा छात्र होते हैं। नवाचार का प्रभाव कोन्स इस बात पर निर्भर करता है कि संचार के माध्यम कितने प्रभावशाली है। इसलिए इनका चयन बड़ी सावधानी से करना चाहिए।

संचार के निम्नलिखित साधन होते है—

1. आकाशवाणी
2. दूरदर्शन
3. ग्रामोफोन (स्रोतावाद्य)
4. टेप रिकार्डर
5. वीडियो
6. T.V
7. मोबाइल आदि

Scanned with CamScanner

LINEOMATIC PAPER
Page No.
Date: / /

# नवाचार के चुनने की विधियाँ

(A) अधिकारी नवाचार चयन विधि (B) सामूहिक नवाचार चयन विधि —

## (A) अधिकारी नवाचार चयन विधि

इस विधि को प्रयोग संस्था या विद्यालय का अधिकारी चयन नवाचार का करता है व अन्य लोग अधिकारी के निर्णय को स्वीकार करने के लिये बाध्य होते है।

## (B) सामूहिक नवाचार चयन विधि —

जब विद्यालय के सभी अध्यापक तथा शिक्षण संस्था के सभी सदस्य आपस मे मिलकर परस्पर विचार विमर्श करके नवाचार का चयन करते है तो उसे सामूहिक नवाचार चयन कहते है —

निष्कर्ष उपयुक्त दोनो विधियो मे सामूहिक नवाचार चयन विधि श्रेष्ठ है क्योंकि इसमे अधिकांश व्यक्तियों की सहमति होती है।

Scanned with CamScanner

# नवाचार कार्यकर्ता के गुण

भूमिका — सफल और प्रभावी नवाचार कार्यकर्ता मे निम्नलिखित गुण होने चाहिए—

1— जिज्ञासा ।
2 आत्म केन्द्रित ।
3— सतत प्रयास ।
4— अभिप्रेरणा ।
5— मूल्यांकन का गुण
6— आत्मविश्वास
7— निडर होना चाहिए ।
8— धैर्य का व्यवहार
9— समस्या का समाधान करने का गुण
10 सहानुभूति पूर्ण व्यवहार
11— उनकी आवश्यकता को ध्यान मे रखने वाला

12— मूल्यांकन करने की क्षमता ।

13— विश्लेषण की क्षमता
14— संश्लेषण की क्षमता
15— वैज्ञानिक प्रक्रिया को अपनाने वाला
16 मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया को समझने वाला ।
17 नवीन विचार, मौलिकता का पाया जाना आदि ।

Scanned with CamScanner